>

Title: Regarding need to undertake census of BPL families in Punjab with a view to extend government facilities to the deserving SC families.

श्री ज़ोरा सिंह मान (फ़िरोज़पुर): महोदय, सन 2002 में गरीबी रेखा से नीचे परिवारों का सर्वेक्षण किया गया था जो कि बहुत पुराना है और ठीक नहीं है जिसकी शर्तों के अनुसार पंजाब के सभी गरीब परिवार कवर नहीं होते। जिस कारण सरकार की तरफ से दी जाने वाली सहूलियतें जरूरतमंद लोगों को नहीं मिल पा रही हैं। पंजाब में गरीबी रेखा से नीचे परिवारों की गिनती 5.23 लाख है, परन्तु पंजाब में अनुसूचित जाति परिवारों की गिनती 13 लाख है। इसलिये मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि बीपीएल सर्वेक्षण दोबारा करवाया जाये ताकि जरूरतमंद लोगों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली सहूलियतें मिल सकें।